प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

17 जून 2022

भुगतान विज़न 2025

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने आज अपनी वेबसाइट पर "भुगतान विज़न 2025" प्रकाशित किया है। भुगतान विज़न 2025 का मुख्य विषय 'ई-पेमेंट्स फॉर एवरीवन, एवरीवेयर, एवरीटाइम' (4ई) है और इसका उद्देश्य प्रत्येक उपयोगकर्ता को सुरक्षित, सुदृढ़, तेज़, सुविधाजनक, सुलभ और किफायती ई-भुगतान विकल्प प्रदान करना है।

भुगतान विज़न 2025 को विभिन्न हितधारकों से प्राप्त इनपुट पर विचार करने के बाद तथा आरबीआई के भुगतान और निपटान प्रणाली के विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए बोर्ड के मार्गदर्शन से तैयार किया गया है। विज़न 2025 के भाग के रूप में 2025 तक की अवधि के दौरान की जाने वाली गतिविधियों को अखंडता, समावेशन, नवाचार, संस्थागतकरण और अंतर्राष्ट्रीयकरण के पांच प्रमुख गोलपोस्ट में शामिल किया गया है। इनमें 47 विशिष्ट पहल और 10 अपेक्षित परिणाम शामिल हैं। भुगतान विज़न 2025, भुगतान विज़न 2019-21 की पहल पर आधारित है।

पृष्ठभूमि

भारतीय रिज़र्व बैंक वर्ष 2001 से आवधिक भुगतान विज़न दस्तावेजों के माध्यम से भारत में भुगतान और निपटान प्रणाली के सुनियोजित विकास के लिए कार्यनीतिक निदेश और कार्यान्वयन योजना प्रदान कर रहा है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/388